सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 184 | इंदौर, शुक्रवार 12 जनवरी, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

युवा दिवस

## विवेकानंद जयंती



**तुम्हें कोई पढ़ा नहीं सकता, कोई आध्यात्मिक नहीं बना सकता। तुमको सब कुछ खुद अंदर से सीखना है। आत्मा से अच्छा कोई शिक्षक नहीं है।**

## युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार, CM ने किया प्राणायाम

**बोले- बाबा महाकाल की नगरी से 5 लाख लड्डुओं का प्रसाद अयोध्या भेजेंगे**




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। युवा दिवस पर CM डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में स्कूली बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार और प्राणायाम किया। शुक्रवार को प्रदेशभर में युवा दिवस मनाया जा रहा है।

भोपाल के सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित राज्यस्तरीय युवा दिवस कार्यक्रम में राम मंदिर को लेकर सीएम ने कहा, हमारा 17 लाख साल पुराना सपना है। इसमें मप्र कैसे पीछे रह सकता है। श्री महाकाल मंदिर उज्जैन से 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में 5 लाख लड्डू भेजे जाएंगे। बाबा महाकाल का प्रसाद अयोध्या जाएगा। उन्होंने कहा, अयोध्या जाएं, लेकिन जिस राज्य के लिए जो तारीख दी गई है उसी तारीख में जाएं। सीएम के साथ भोपाल सांसद प्रज्ञा ठाकुर, मंत्री राकेश सिंह, कृष्णा गौर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए।

### भारत दुनिया का सबसे युवा देशः सीएम

सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा, स्वामी विवेकानंद का जीवन प्रेरणा देने वाला है। हम सौभाग्यशाली हैं कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। आज से 100 साल पहले स्वामी विवेकानंद ने घोषणा की थी कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी। आज हम सब देख रहे हैं भारत चांद और सूर्य तक पहुंच चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी अपने हर कदम से युवाओं को रोमांचित करते हैं। अभी हमने लक्षद्वीप में देखा, उन्होंने पानी के अंदर स्पोर्ट्स का अनुभव दिखाया। ये हमारे भारत में संभव है।

# मप्र के कर्मचारियों का डीए 14% बढ़ेगा

## 8% बढ़ेगा संविदाकर्मियों का वेतन

**3% इन्क्रीमेंट लगेगा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल । राज्य सरकार फरवरी में आने वाले वोट एंड अकाउंट (लेखानुदान) में कर्मचारियों को 7 से 8 प्रतिशत तक डीए बढ़ाए जाने का वित्तीय प्रावधान करने जा रही है। दरअसल, मार्च 2025 तक कर्मचारियों का डीए 14% बढ़ाए जाने की व्यवस्था की जा रही है। इसके बाद यह 56% हो जाएगा। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 6000 करोड़ रुपए की अतिरिक्त व्यवस्था की जा रही है।



अभी राज्य के 7.50 लाख कर्मचारियों को 42% डीए मिल रहा है, जो केंद्रीय कर्मचारियों को मिल रहे 46% से 4% कम है। हालांकि, इस भुगतान के लिए वित्त विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री सचिवालय को भेज दिया है, जिस पर मंजूरी मिलना बाकी है।

इधर, 1 जनवरी से केंद्रीय कर्मचारियों का डीए फिर से मूल्य सूचकांक (बढ़ती महंगाई) के अनुसार 4% बढ़ाया जाना प्रस्तावित है, जिसकी जल्द केंद्र घोषणा करेगा। ताकि यह भुगतान लोकसभा चुनाव के पहले कर दिया जाए। राज्य सरकार ने फरवरी में लाए जा रहे लेखानुदान का अनुमान 1 अप्रैल 2023 से 30 नवंबर 2023 के बीच हुई आय के आधार पर तैयार किया है। इसी के अनुसार 1 अप्रैल से 31 जुलाई तक के लिए खर्च की व्यवस्था की जाएगी।

### जुलाई 2023 से लंबित डीए के लिए चाहिए 1280 करोड़ रुपए

मप्र में विधानसभा चुनाव होने की वजह से अक्टूबर में आचार संहिता प्रभावी हो गई थी। इसलिए 1 जुलाई 2023 से लंबित 4% डीए का उन्हें भुगतान नहीं किया जा सका। इस बढ़े हुए डीए का भुगतान करने पर हर महीने 160 करोड़ रुपए का अतिरिक्त खर्चा आएगा। यदि बढ़े हुए एरियर के डीए का भुगतान किया जाता है तो यह खर्च 1280 करोड़ रुपए होगी। इस राशि को फिलहाल अभी वोट एंड अकाउंट में शामिल नहीं किया गया है।

### ये भी प्रावधान

मंत्रियों और अफसरों के कार्यालयों और पेट्रोल पर खर्च 225 करोड़ रुपए ज्यादा। वित्तीय वर्ष 2023-24 में यह खर्च 1874 करोड़ रुपए था जिसमें 10 प्रतिशत वृद्धि किया जाना है। इसके अलावा मजदूरी पर खर्च में 5 प्रतिशत वृद्धि किया जाना है, जिससे यह खर्च 150 करोड़ रुपए हो जाएगा। इस तरह साल भर का मजदूरी खर्च 2900 करोड़ रुपए होगा।

### रिटायर्ड बिजली कर्मियों को भी देना होगा इन्क्रीमेंट : हाईकोर्ट

30 जून को रिटायर्ड हुए बिजली कंपनी के चार कर्मचारियों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने निर्देश दिया है कि 1 जुलाई को हुई वेतनवृद्धि का लाभ इन कर्मचारियों को भी दिया जाए और 3 माह के भीतर पेंशन में सुधार करते हुए पुनः पीपीओ जारी किया जाए। रामनरेश तोमर और हरि बाबू 30 जून 2021 को और अंबिका चरण वर्मा व सियाराम रजक 30 जून 2022 को रिटायर्ड हुए। हर साल की तरह 1 जुलाई को बिजली कंपनी ने कर्मचारियों, अधिकारियों को वेतनवृद्धि का लाभ दिया, लेकिन 30 जून को रिटायर्ड हुए कर्मचारियों को लाभ नहीं दिया।

# ईपीआर क्रेडिट पाने वाला शहर बना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर नगर निगम देश का पहला ईपीआर (एक्टेंडेट प्रोड्यूसर रिस्पांसिबिलिटी) क्रेडिट पाने वाला शहर बना। ये उपलब्धि नगर निगम को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 पीडब्लूएम और ईपीआर नीति को सफलता से लागू करने के कारण मिली। निगम ने सिंगल यूज्ड प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए 'मैं हूं झोलाधारी इंदौरी', 'प्लास्टिक प्रीमियर लीग' और 'हल्ला बोल ड्राइव' जैसे अभियान चलाए। होटलों में प्लास्टिक के बजाय कागज की प्लेट का इस्तेमाल होता है। शहर में प्रतिदिन 1162 मीट्रिक टन से अधिक ठोस कचरा निकलता था। नगर निगम ने अमानक प्लास्टिक जब्त कर देवगुराड़िया प्लांट पर निपटान किया। शहरवासी अब छह प्रकार के कचरे (प्लास्टिक अपशिष्ट, गैर-प्लास्टिक अपशिष्ट, ई-अपशिष्ट, सैनिटरी-अपशिष्ट, घरेलू खतरनाक अपशिष्ट और गीले अपशिष्ट) को अलग-अलग ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाते हैं।**

## 'वेस्ट टू आर्ट' से शहर में बनाए गार्डन

'वेस्ट टू आर्ट' के तहत हर वार्ड में प्रतिमाएं लगाई गईं। ग्लोबल गार्डन, मालवा मिल और संगम नगर का गार्डन तैयार किया गया है। राजकुमार ब्रिज के नीचे जगह का उपयोग किया। हर वार्ड में 'श्री आर' सेंटर (रियूजिंग, रिसाइकलिंग और रिड्यूसिंग) बने हैं। इनके लिए 250 अंक निर्धारित हैं। घरों से निकलने वाले पुराने कपड़े, पुराने जूते उन्हें प्रोसेस करके बड़े ब्रांड के साथ लिंक अप किया।

## प्रदेश का पहला शहर जिसने ट्रीटेड वॉटर बेचा

इंदौर मध्यप्रदेश का पहला शहर है, जिसने ट्रीटेड वॉटर बेचने की शुरुआत की। शहरवासी 311 एप पर कॉल कर ट्रीटेट वॉटर मंगवा कर भवन निर्माण में इसका उपयोग कर सकते हैं। इस तरह निगम के लिए घरों में बाथरूम और किचन से निकलने वाला गंदा पानी भी कमाई का जरिया बन गया है।

अभी तक इंदौर के लिए यह दूषित पानी समस्या बनता था, लेकिन निगम ने रिसाइकिल कर पानी को बेचने की शुरुआत की। शहर में मेट्रो प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही दो कंपनियों ने रोजाना एक लाख लीटर पानी नगर निगम से खरीदा। निगम ने कंपनियों को 1.40 रुपए प्रति हजार लीटर के हिसाब से पानी बेचा। कबीट खेड़ी में 160 एमएलडी क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट है। शहर में हर दिन 300 एमएलडी पानी का ट्रीटमेंट किया जाता है।

## एशिया का सबसे बड़ा बायो सीएनजी प्लांट

एशिया का सबसे बड़ा बायो सीएनजी प्लांट देश में सिर्फ इंदौर के पास है। इसे देखने के लिए न सिर्फ देश बल्कि दुनिया के अन्य देशों से भी प्रतिनिधिमंडल आ चुके हैं। नगरीय आवास व विकास मंत्रालय इसे देशभर में लागू करने के निर्देश भी दे चुका है। 'वेस्ट टू वेल्थ' का ये एक अच्छा उदाहरण है।

# सिडबी ने इंदौर में किया पहले सिडबी एमएसएमई सम्मेलन का उद्घाटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने देश भर में आयोजित किए जाने वाले 6 सम्मेलनों की श्रृंखला के तहत आज मध्य प्रदेश के इंदौर में पहले सिडबी एमएसएमई सम्मेलन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में नीति-निर्माताओं, फाइनेंस क्षेत्र के दिग्गजों और एमएसएमई हितधारकों के साथ-साथ भारतीय एमएसएमई इकोसिस्टम से जुड़े गणमान्य वक्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।**

इंदौर सम्मेलन के दौरान चर्चा मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में मजबूत एमएसएमई इकोसिस्टम के निर्माण तथा आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर भारत को प्रतिस्पर्धी एवं सस्टेनेबल बनाने के लिए राज्य के एमएसएमई के सशक्तिकरण के विषय पर केंद्रित थी।

लोकसभा के माननीय सांसद, शंकर लालवानी ने अपनी उपस्थिति से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। भारत में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए, श्री शंकर लालवानी ने कहा, ‟भारतीय अर्थव्यवस्था के मूल आधार की बात की जाए, तो कृषि के बाद एमएसएमई का ही स्थान आता है। सिडबी के उप-प्रबंध निदेशक, प्रकाश कुमार ने अपने मुख्य वक्तव्य में विभिन्न पहलों के माध्यम से एमएसएमई की विकास यात्रा में सिडबी द्वारा निभाई गई भूमिका को उजागर किया, साथ ही उन्होंने बैंक की ओर से प्रत्यक्ष ऋण की पूरी प्रक्रियाओं, ग्रीन फाइनेंस, वेंचर कैपिटल आदि के डिजिटलीकरण के विषय पर भी चर्चा की। इंदौर में फार्मा और इंजीनियरिंग के क्षेत्र सिडबी द्वारा जल्द ही एक क्लस्टर विकास कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। दो साल के इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग संघों के माध्यम से सभी हितधारकों कोएकजुट करने के साथ-साथ इन क्लस्टरों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आवश्यक चुनौतियों और हस्तक्षेपों की पहचान करना है।

# 200 इलेक्ट्रोहोम्योपैथ चिकित्सकों को एल एन सिन्हा अवार्ड से सम्मानित किया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक गरिमामय आयोजन में करीब 200 इलेक्ट्रोहोम्योपैथ चिकित्स्को को एल एन सिन्हा अवार्ड से सम्मानित किया गया। आयोजन इंदौर मेडिकल एसो, ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी संस्था ने चिकित्सा के जनक डॉ, कॉउंट सीजर मेटी की 215 वी जयंती पर अभिनव कला समाज भवन मे किया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ, मनोज कामठान, प्रदेश अध्यक्ष डॉ, ममता शुक्ला, डॉ, एन के प्रजापति डॉ, रुखसाना खान और डॉ, मोड़क थे।

यह जानकारी देते हुए डॉ, शोअब कुरेशी ने बताया कि सम्मेलन मे मध्य प्रदेश के अलावा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना आदि प्रदेशों से करीब 232 होम्योपेथ चिकित्स्को ने भाग लिया। इस मौके पर डॉ, कामठान सहित 5 इलेक्ट्रो होम्योपेथ चिकित्सको को गुरु अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान मे ट्रॉफी और सम्मान पत्र प्रदान किया गया ।

विहिप के राजेश बिजवे,संतोष वर्मा, मुकेश जाट,डॉ, डी एन शर्मा,डॉ, ए एन सिद्दीकी, डॉ, दिनेश जोशी, डॉ, विश्वजीत, डॉ, ममता शुक्ला ने भी संबोधित किया। स्व, ए एन बक्षी को भी याद किया। अतिथि स्वागत डॉ, फिरदोस् आलम, डॉ समीर मुल्तानी, डॉ, जाकिर खान, डॉ, मांडले ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजवलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ, ए एन सिद्दीकी ने किया। अंत मे डॉ, अजय नावरे ने आभार माना।

# देश के सभी बेंक पेंशनर्स प्रतिनिधियों की मीटिंग इंदौर में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। ऑल इंडिया बैंक रिटायरिज फेडरेशन सभी बैंक रिटायरिज/पेंशनर्स का राष्ट्रिय स्तर पर सबसे बड़ा संगठन है , जिसके करीब 35 बैंक सदस्य के माध्यम से करीब 2.50 लाख रिटायरिज सदस्य है। संगठन रिटायरिज/पेंशनर्स से संबन्धित सभी मुद्दे / मांगे आईबीए /आरबीआई, विभिन्न संबन्धित सरकारी विभागों के साथ यथोचित समाधान हेतु उठाता है व आवश्यक एक्शन प्रोग्राम के माध्यम से अपनी मांगो के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत है ।**

संगठन समय समय पर अपनी राष्ट्रिय कार्यकारिणी की ऑनलाइन या भौतिक मीटिंग देश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित करता है । इसी तारतम्य में इस बार की मीटिंग जाल सभागृह इंदौर में 11 व 12 जनवरी 2024 को रखी गई है। मीटिंग में संगठन के राष्ट्रिय अध्यक्ष श्री शरद देशपांडे व राष्ट्रिय महासचिव श्री शरबत चंद जैन के अलावा पूरे देश से विभिन्न बैंक के करीब 150 से अधिक पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य भाग ले रहे है । इस मीटिंग में रिटायरिज/पेंशनर्स से संबंधित सभी लंबित मुद्दो पर, विशेष रूप से सबसे पुरानी व महत्वपूर्ण मांग ‟पेंशन अपडेशन" व वहन करने योग्य हैल्थ इन्शुरेंस पॉलिसी पर विस्तृत चर्चा होगी व भविष्य की रूपरेखा व आगे की कार्यवाही तय होगी। संगठन कई वर्षो से पेंशन अपडेशन की मांग के उचित समाधान हेतु आंदोलनरत / प्रयासरत है । मार्च 2019 में आरबीआई के पेंशनर्स को स्वीकृत पेंशन अपडेशन की तर्ज पर सभी बैंक पेंशनर्स को पेंशन अपडेशन स्वीकृत किया जावे , इस हेतु प्रयासरत है। इस संबंध में संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से भारत के महामहिम राष्ट्रपति , वित्तमंत्री को भी विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया है। देश के सभी संसद सदस्यों को भी विभिन्न राज्य इकाई के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत किए गए है। आईबीए /आरबीआई व संबन्धित सरकारी विभागों में भी बातचीत के माध्यम से लगातार प्रयास जारी है। संगठन के प्रयासों से फेंमिली पेंशन में बढ़ोतरी , सभी पुराने पात्र पेंशनर्स को 100% डीए का लाभ व 1986 के पहले के पेंशनर्स को मिलने वाले एक्स ग्रेशिया में वृद्धि प्राप्त हुई है । संगठन की मुख्य मांग याने पेंशन अपडेशन की पूर्णता तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। यह जानकारी संगठन सचिव श्री किशोर धर्माधिकारी ने दी।

## परिचय सम्मेलन 21 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री सोमवंशीय सकल पंच महार समाज का आगामी 21 जनवरी (रविवार) को विवाह योग्य युवक-युवतियों का प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन प्रीतम दास सभागृह, सिंधी कालोनी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के दौरान वैवाहिक विशेषांक ‟बंधन" का विमोचन किया जाएगा। परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष श्री गोपाल जाधव एवं प्रभारी श्री राजेश सासदिवे ने बताया कि प्रदेश स्तर के हाईटेक युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए शहर के साथ-साथ प्रदेश के अन्य शहरों से भी प्रविष्टियां प्राप्त हो रही है। परिचय सम्मेलन में अभी तक 250 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी है। इसमें अधिकांश समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवतियों की प्रविष्टियां शामिल है। सम्मेलन के लिये प्रविष्टियां कार्यालय में जमा करवाने का सिलसिला निरंतर जारी है। सम्मेलन की तैयारियों के संबंध में आयोजित बैठक में श्री नारायण गायकवाड, सरपंच श्री रंजीत जगताप, श्री सुभाष निकुमकर श्री यशवंत पंवार, श्री लकी टपाल, श्री लखन अडाव, संदीप मोरे, अनिल पंवार आदि शामिल हुए।

# बच्चों की प्लास्टिक सर्जरी होने के बाद सुंदर चेहरा देखकर माता पिता गदगद

◆ भारतीय जैन संगठन इंदौर द्वारा आयोजित प्लास्टिक सर्जरी कैंप का समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय जैन संगठन द्वारा आयोजित निः शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का समापन मुख्य अतिथि वीरेन्द्र कुमार जैन एवं अमेरिका से आये डॉ लैरी फिलिप वेंस्टिन के सानिध्य में संपन्न हुआ। कैंप में सेवा दे रहे डॉक्टर्स का प्रमाण पत्र एवं माला से स्वागत करते हुए वीरेन्द्र कुमार रेखा जैन ने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों की निः शुल्क सर्जरी करवाकर मन को बहुत ही शुकुन मिलता है । कटे फटे होंठ एवं चिपके हुए तालू की सर्जरी होने के पश्चात बच्चों के सुंदर चेहरे देखकर माता पिता गदगद हो जाते हैं ।दूर दराज से आये गरीब बच्चों की 6 वर्षो से निः शुल्क प्लास्टिक सर्जरी करवाने का अवसर मिलना हमारे जीवन को सार्थक बना रहा है ।प्रतिवर्ष हम प्लास्टिक सर्जरी कैंप का निः शुल्क आयोजन के साथ दिव्यांग बच्चों (अभी तक 1250 बच्चों की सर्जरी हो चुकी है) की भी निः शुल्क सर्जरी करवाने में भगवान की कृपा से कामयाब हो रहे हैं ।**

डॉ लैरी वेंस्टिन ने कहा वे इन गरीब बच्चों की प्लास्टिक सर्जरी करने हेतु प्रतिवर्ष आएँगे ।उन्होंने सहयोगी बने अरबिंदो के डॉ सुष्मिता व्यास,डॉ राहुल छजलानी सहित सभी सर्जन ,डॉक्टर्स की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मंशा है कि ये सभी एक्सपर्ट होकर भारत के विभिन्न भागों में जाकर प्लास्टिक सर्जरी करें। प्रारंभ में अरबिंदो हास्पिटल के जीएम राजीवसिंह ने स्वागत भाषण दिया ।भारतीय जैन संगठन इंदौर के जिला सचिव एवं कोआर्डिनेटर सुनील सामोता ने वीरेन्द्रकुमार रेखा जैन के निः शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप के आयोजन में अमूल्य योगदान एवं महत्वपूर्ण भूमिका और सभी डॉक्टर्स द्वारा दीये गये सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।

## स्वामी विवेकानन्द जी की जंयती पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महाराणा प्रताप कबड्डी एकेडमी द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी की जंयती पर जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महाराणा प्रताप खेल संकुल किला मैदान पर किया जा रहा है जिसमे बालक एवं बालिका दोनो वर्ग में 70 किलो ग्राम की प्रतियोगिता आयोजित कि जा रही है महाराणा प्रताप खेल संकुल के अध्यक्ष संतोष सिह गौर ( पूर्व पार्षद MIC मेंबर ) ने बताया की स्वामी जी की जयंती के उपलक्ष्य मे खेलो को बढावा देने और आज के युवाओ को कबड्डी जैसे खेलो के प्रति बढावा देने के लिए कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिससे बालक एवं बालिका दोनो वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी जिसके निवेदक (पूर्वपार्षद ) राजेन्द्र रघुवंशी , संस्था लक्ष्य के अध्यक्ष धीरज साहु , उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह गौर, कबड्डी कोच/ सचिव राहुल मिश्रा, दीपक गौर एवं श्री रमेश मोहिते कमलेश कश्यप , क्रिकेट कोच श्री सुशील यादव , अंकित सिंह राठौर , योगेश साहू, आशीष वर्मा , प्रवीण फालके , प्रकाश कुशवाह , आकाश गौड़ ,अंकित पाल, गोलु पाल है ।

## सुन्दरकांड व भजन संध्या में श्रीराम जन्मभूमि में जाने वाली ईट के दर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। किशनगंज के माँ सुन्दर नगर में भव्य सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन पं. विपुल कृष्ण जी महाराज के द्वारा किया गया जिसमें सुंदरकांड के पाठ के साथ महाराजजी के भजनो पर भक्त झूमने लगे । आयोजन कर्ता राजीव सोनी के जन्मदिन के मोके पर भजन संध्या आयोजित की गई जिसमे सनातन पद्धति से जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के निर्माण मे लगने वाली चांदी की 3 किलो की ईट जैसे ही भक्तों के बीच दर्शन के लिए माया जी पटेल के द्वारा लाई गयी उसके दर्शन के लिए भक्त गण उत्साहित हो उठे जैसे उनके प्रभु श्री राम आ गए हों। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कैलाश सोनी,माया पटेल , जगदीश सोनेर, चंदा पाठक उपस्थित रहे। महाराज जी ने बताया कि 16 जनवरी से धारनाका मे श्री राम कथा शुरू होने वाली है जिसमें समस्त धर्म प्रेमी जनता से ज्यादा से ज्यादा सख्या पधारे।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर कार्यशाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सरदार मालवीय थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में बच्चों के शिक्षा का स्तर सुधारने और कानून की जानकारी दिए जाने को लेकर बातें कहीं। साथ ही विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उम्र बढ़ने के साथ छात्राओं को अपने शरीर की स्वच्छता को लेकर विशेष सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने बालिकाओं से शिक्षा को गंभीरता से लेने को कहा। कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं ने हर क्षेत्र में मुकाम हासिल किया। विद्यालय की छात्राओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए बेहतर शिक्षा हासिल करनी होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी गण मौजूद थे। मौके पर जिला कार्यकारिणी अधिकारी रामनिवास बुधौलिया, जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह चौहान, राय बहादुर सिंह तंवर, सुनील गहलोत, जनपद पंचायत सीईओ पंकज दरोटिया सहित सरपंच, सचिव व महिला बाल विकास का अधिकारी गण मौजूद रहे।

## संक्रांति - चाइना डोर बेचने वालो पर निगाहबानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संक्रांति पर्व नजदीक आते ही अब पुलिस प्रशासन चाक चौबंद नजर आ रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि 14 ओर 15 जनवरी को सक्रांति पर्व को लेकर शहर में पतंग बाजी का शोर रहता है पतंग को उड़ाने के लिए पतंग बाज बाजार में चाइना डोर की तलाश कर रहे है।जिसको लेकर इंदौर कलेक्टर ने भी आदेश निकाल रखे है यदि कोई दुकानदार चाइना की डोर बेचता हुआ पकड़ा गया तो उस पर सख्त कारवाई की जाएगी पुलिस टीम लगातार पंतग की दुकानों पर चाइना डोर सर्चिंग कर रही है इसके साथ ही सक्रांति पर्व पर बगेर अनुमति के छतों पर डीजे बजाए गए तो वो जप्त होंगे।

### स्वच्छता के बाद इंदौर के नए लक्ष्य

# स्वास्थ्य, सोलर, ट्रैफिक और डिजिटल सिटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर क्लीनेस्ट सिटी में लगातार सात बार स्वच्छता में नंबर वन आकर यह साबित कर दिया है कि इंदौरियों का जज्बा सबसे भारी है। वह अगर ठान लें तो कुछ भी कर सकते हैं। इंदौर के लोगों ने स्वच्छता के बाद बेहतर स्वास्थ्य, सोलर, ट्रैफिक और डिजिटल सिटी को अपना अगला लक्ष्य बना लिया है। प्रशासन, जनप्रतिनिधी, संस्थाएं और तमाम संगठन इस दिशा में अब मिल जुलकर प्रयास कर रहे हैं।

## स्वास्थ्य - इंदौर के 85 वार्ड में बनेंगे योग केंद्र और ओपन जिम, मिलेट्स कैफे भी खुलेगा

इंदौर नगर निगम इंदौर के 85 वार्ड में योग केंद्र और ओपन जिम बना रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। हर वार्ड में युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों को ध्यान में रखते हुए योग केंद्र और ओपन जिम बनाए जाएंगे। महापौर ने बताया कि इसके लिए टेंडर हो चुके हैं और इस साल ही कई वार्ड में इन्हें तैयार कर लिया जाएगा। नगर निगम के बजट में मोटे अनाजों यानी मिलेट्स को बढ़ावा देने का प्रावधान भी है। नगर निगम ने नए वित्तीय वर्ष में इंदौर में मिलेट्स कैफे खोलने की भी योजना बनाई है। इसका उद्देश्य लोगों को बेहतर खानपान और स्वास्थ्य की ओर जागरूक करना होगा। सांसद शंकर लालवानी ने हाल ही में जनसहयोग से दो लाख से अधिक लोगों की जांचें करवाई जिसमें एक लाख लोगों को अपने शरीर की कमियों की जानकारी मिली। यह प्रिवेंटिव हेल्थ का प्रोजेक्ट था जिसका उद्देश्य था लोगों को शरीर की कमियों की जानकारी देकर उन्हें भविष्य में होने वाली बीमारियों के प्रति पहले ही आगाह करना। इससे वे सचेत हों




और बीमार न पड़ें।

## सोलर - 300 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य

इंदौर की इमारतों की छतों पर 300 मेगावाट सौर बिजली उत्पादन का लक्ष्य तय किया गया है। अभी 40 मेगावाट बिजली पैदा होती है। शहर में पहले चरण के दौरान सरकारी इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। शहर को सोलर सिटी बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा ताकि कम खर्च में सुलभ तरीके से सौर ऊर्जा प्राप्त हो सके। सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने में कई तरह की मदद दी जाएगी। इसके लिए ऋण उपलब्ध कराने, संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया को सरल करने, एकल खिड़की सेवा प्रदान करने, सोलर संयंत्र लगाने वालों को प्रोत्साहित करने जैसे कार्य किए जाएंगे। नर्मदा जल को जलूद से इंदौर तक लाने में हर साल 300 करोड़ रुपए बिजली पर खर्च होते हैं। नगर निगम जलूद में सोलर संयंत्र स्थापित कर रहा है। इसके लिए 244 करोड़ रुपए के ग्रीन बांड जारी भी हो चुके हैं। जलूद में स्थापित किए जाने वाले सौर ऊर्जा संयंत्र की क्षमता 60 मेगावाट होगी। इसे बढ़ाकर 100 मेगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है। जलूद सोलर संयंत्र स्थापित होने के बाद निगम के बिजली खर्च में प्रतिमाह 5 करोड़ रुपए से ज्यादा की बचत होगी। स्मार्ट सिटी पोर्टल के मुताबिक कुल ऊर्जा का 10% सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं तो शहर को सोलर सिटी बना सकते हैं। इंदौर की कुल ऊर्जा की खपत 600 मेगावाट है।

## ट्रैफिक - अतिक्रमण हट रहे, प्रमुख मार्ग भी वनवे किए

ट्रैफिक में सुधार के लिए कई स्तर पर प्रयास जारी हैं। हाल ही में इंदौर के मध्यक्षेत्र के प्रमुख मार्गों को वनवे किया है। इसमें नंदलालपुरा से लेकर राजमोहल्ला तक और बड़ा गणपति से लेकर कृष्णपुरा छत्री तक वनवे कर दिया है। इसमें बीच के मार्गों से लोग आ जा सकते हैं लेकिन बाकि के दोनों मुख्य मार्ग पर लोग सिर्फ वनवे में ही आ सकते हैं। ट्रैफिक को सुधारने के लिए अतिक्रमण हटाने की मुहिम भी तेजी से जारी है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने की समझाइश देकर उन्हें तीन दिन की मोहलत दी जा रही है। इसके बाद भी अगर अतिक्रमण नहीं हटाए जाते हैं तो निगम यहां अभियान चलाकर अवैध कब्जों को ध्वस्त कर रहा है। दुकानों के बाहर से सामान जब्त किया जा रहा है। इसी के चलते बाम्बे बाजार में पिछले सप्ताह ही बड़ी कार्रवाई की गई।

## डिजिटल सिटी - इंदौर की हर सड़क होगी कैमरे की निगाह में

इंदौर की हर सड़क को कैमरे की निगाह में कैद करने की तैयारी की जा रही है। ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम के सहयोग से सभी चौराहों पर हाई क्वालिटी कैमरे लगाए जा रहे हैं। नवंबर से ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के मोबाइल पर चालान आने लगे हैं। अभी यह नई टेक्नोलाजी की व्यवस्था चार चौराहों पर है आने वाले दिनों में हर चौराहे पर यह व्यवस्था होगी। वहीं 40 से अधिक चौराहों पर कैमरों से नजर रखी जा रही है ताकि नियम तोड़ने या अपराध करने वाले किसी भी वाहन चालक को आसानी से पकड़ा जा सके। डिजिटल सिटी के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसमें 150 चौराहों को फ्री वाई फाई जोन बनाया जाएगा।

# स्वच्छता का सातवां आसमान छू लिया... पूरे शहर में जश्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर ने फिर एक बार स्वच्छता का सातवां आसमान छू लिया है। इसकी घोषणा नई दिल्ली में आयोजित समारोह में गुरुवार सुबह 11 बजे की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर ललवानी और निगमायुक्त हर्षिका सिंह को यह पुरस्कार सौंपा। केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी भी मौजूद थे। अवार्ड मिलने के बाद इंदौर में कई स्थानों पर जश्न मनाया गया। निगम कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इंदौर ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के बलबूते फिर तमगा हासिल किया है।




वेस्ट टू आर्ट की वजह से इंदौर इस बार रेस में आगे था, लेकिन सूरत और इंदौर के अंकों में सिर्फ 200 पाइंट का ही अंतर था। आखिर में सूरत ने बराबरी कर ली और दोनों को संयुक्त इनाम दे दिया गया।

### इंदौर और महू बने नंबर-वन

- इंदौर को गार्बेज फ्री सिटी सेगमेंट में सेवन स्टार रेटिंग भी मिली है।
- कचरे को छह हिस्सों में डोर टू डोर सेग्रीगेशन करने के आइडिया को भी अवार्ड मिला।
- कुल तीन अवार्ड इंदौर के खाते में आए हैं।
- जिले के महू ने भी इतिहास रचते हुए स्वच्छता में नंबर 1 कंटोनमेंट बोर्ड का खिताब पहली बार जीता है।
- गार्बेज फ्री सिटी में श्री स्टार रेटिंग मिली है।

## औद्योगिक उच्चदाब बिजली मांग में तेरह फीसदी की बढ़त

### इंदौर, धार, देवास, उज्जैन, रतलाम में ज्यादा आपूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक उच्चदाब बिजली मांग में वर्ष 2023 में काफी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मालवा निमाड़ में तेरह फीसदी ज्यादा मांग दर्ज हुई, इसी के अनुरूप मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सभी 15 जिलों में गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति की गई है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि इंदौर, धार, देवास, उज्जैन, रतलाम में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज हुई है। इसी के अनुरूप सभी जिलों में गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति की गई है। श्री तोमर ने बताया कि जिलों में औद्योगिक उच्चदाब आपूर्ति के लिए जहां अधीक्षण अभियंता नोडल अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन कर रहे हैं, वहीं मुख्यालय में अधीक्षण यंत्री व कार्यपालक निदेशक आपूर्ति व्यवस्था के इंतजाम की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। श्री तोमर ने बताया कि वर्ष 2022 में जहां औद्योगिक उच्चदाब के कनेक्शनों यानि उपभोक्ताओं को 661 करोड़ यूनिट की आपूर्ति हुई थी, वहीं वर्ष 2023 में जनवरी से दिसंबर तक 751 करोड़ यूनिट बिजली आपूर्ति हुई है। श्री तोमर ने बताया कि वर्ष 2023 में सबसे ज्यादा औद्योगिक उच्चदाब बिजली मांग जून में 69 करोड़ यूनिट रही। श्री तोमर ने बताया कि वर्तमान में औद्योगिक उच्चदाब कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की संख्या 4420 तक पहुंच गई है। पिछले दो माह में 21 नए उद्योग, उच्चदाब ईकाई प्रारंभ के लिए कनेक्शन प्रदान किए गए है। नए कनेक्शनों पर प्रदेश शासन की औद्योगिक हितैषी नीतियों के तहत छूट व अन्य सुविधाएं भी पात्रतानुसार प्रदान की जाती हैं।

भाजपा का ऑपरेशन यादव शुरू, बिहार जाएंगे सीएम

# 18 को पटना में डॉ. मोहन का सम्मान, बिहार के 14% यदुवंशियों को साधने की कवायद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। बीजेपी ने एमपी में शिवराज सिंह चौहान की जगह डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर यूपी-बिहार में यादव वोटर्स को साधने की कोशिश की है। बीजेपी ने इस पर काम भी शुरू कर दिया है। सीएम डॉ. मोहन 18 जनवरी को बिहार की यात्रा पर जाएंगे। पटना में उनका अभिनंदन समारोह रखा गया है। बिहार की आबादी में 14 प्रतिशत यादव हैं। यदुवंशियों को बीजेपी के पाले में लाने की कोशिश में डॉ. मोहन मुख्य चेहरा होंगे।**

लंबे समय से बिहार में लालू यादव परिवार काबिज है। वर्तमान में आरजेडी, जदयू, कांग्रेस के गठबंधन वाली सरकार है। बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए बिहार में एमपी के सीएम डॉ. मोहन को मोर्चे पर तैनात करने जा रही है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के वोट बैंक में सेंधमारी के लिए डॉ. मोहन को बिहार से बुलावा भेजा गया है।



बिहार बीजेपी के प्रवीण चंद्र राय ने बताया कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के पटना आगमन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। संभावित कार्यक्रम के मुताबिक एयरपोर्ट पर डॉ. मोहन का जोरदार स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे सीधे श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल जाएंगे। यहां श्रीकृष्ण चेतना मंच द्वारा आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में उनको सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बिहार के यादव समाज के बड़े नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### बिहार की आबादी में यदुवंशियों की 14% हिस्सेदारी

बिहार की नीतीश सरकार द्वारा कराई गई जातिगत जनगणना के आंकडे पिछले साल जारी किए गए थे। जातिगत जनगणना की रिपोर्ट के मुताबिक बिहार में अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36%, अन्य पिछड़ा वर्ग 27% हैं। सबसे ज्यादा 14.26% यादव हैं। ब्राह्मण 3.65%, राजपूत (ठाकुर) 3.45% हैं। सबसे कम संख्या 0.60% कायस्थों की है। बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ 7 लाख 25 हजार 310 है। इसमें 2 करोड़ 83 लाख 44 हजार 160 परिवार हैं। अनुसूचित जाति 19.65%, अनुसूचित जनजाति 1.68% और सामान्य वर्ग 15.52% है।

### यूपी से भी सीएम डॉ. मोहन को आ रहे बुलावे

एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव को उत्तर प्रदेश के भी अलग-अलग इलाकों से कार्यक्रमों के आमंत्रण आ रहे हैं, लेकिन लगातार व्यस्तताओं के चलते फिलहाल यूपी का प्रोग्राम नहीं बनाया है। लखनऊ या झांसी में भी जल्द ही सीएम डॉ. मोहन का अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा सकता है।

### यूपी में भी 11 फीसदी यादव

80 लोकसभा सीटों पर उत्तर प्रदेश में उरऊर के आंकड़ों के मुताबिक, ओबीसी जातियों में यादवों की आबादी कुल 20% है, जबकि राज्य की आबादी में यादवों की हिस्सेदारी 11 फीसदी है, जो सपा का परंपरागत वोटर माना जाता है। गैर-यादव में ओबीसी जातियों में सबसे ज्यादा कुर्मी-पटेल 10%, कुशवाहा-मौर्या-शाक्य-सैनी 6%, लोध 4%, गडरिया-पाल 3%, कुम्हार/प्रजापति-चौहान 3 %, राजभर 2 और गुर्जर 2% हैं। सरकारी तौर पर जातीय आधार पर कोई आधिकारिक आंकड़ा मौजूद नहीं है, लेकिन अनुमान के मुताबिक, यूपी में 52 प्रतिशत ओबीसी वोट बैंक है। इस ओबीसी समाज में 79 जातियां हैं, जिनमें सबसे ज्यादा यादव और दूसरे नंबर कुर्मी समुदाय है।

## ठेकेदार ने गोली मारकर सुसाइड किया

### बेटा बोला-पापा परेशान थे, निगम ने अटकाया 70 लाख का बिल, दीदी की शादी नजदीक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में एक ठेकेदार ने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार सुबह गोहलपुर थाना इलाके के बधाइयां मोहल्ले की है।**

56 वर्षीय भगवान सिंह ठाकुर ने अपने कमरे में सुबह 10.30 बजे सुसाइड किया। पुलिस और टीम ने घटनास्थल की जांच की है। मौके से सुसाइड नोट भी मिला है। ठाकुर नगर निगम के अलावा रेलवे में भी ठेकेदारी का काम करते थे।

उनके बेटे हर्ष सिंह ठाकुर ने बताया कि मई 2023 से नगर निगम में किए गए कामों की एवज में लाखों रुपए का पेमेंट अटका है। 60 से 70 लाख रुपए फंसे हैं। निगम के अकाउंट ऑफिसर पापा का बिल पास नहीं कर रहे थे। इसे लेकर वे कई बार नगर निगम के बड़े अधिकारियों से भी मिले, लेकिन समस्या का हल नहीं हुआ।

हर्ष के मुताबिक, बड़ी बहन की शादी 18 फरवरी को तय है। ऐसे में पिता पैसों के इंतजाम को लेकर परेशान थे। कई मर्तबा उन्होंने अपनी समस्या घर में भी बताई। उन्होंने यह भी बताया था कि नगर निगम के कई दिन से चक्कर काट रहे हैं, लेकिन बिल पास नहीं हो रहा है।

**महापौर बोले- जानकारी लेकर करेंगे कार्रवाई-** महापौर जगत बहादुर अन्नू ने कहा, ह्यऐसा बताया जा रहा है कि पेमेंट अटकने का मामला है। मुझे पूरी जानकारी नहीं है। जानकारी लेंगे और अगर कहीं गलती होगी, किसी की कमी होगी तो उस पर कार्रवाई भी निश्चित होगी।

## कांग्रेस जिला प्रवक्ता ने दिया इस्तीफा : बोले- प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को अस्वीकार करने से आहत हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा होने वाली है। ऐसे में प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए देशभर के कई नेता सहित समाजसेवियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी निमंत्रण भेजा गया है, हालांकि कांग्रेस नेताओं ने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। इस निर्णय से पार्टी के कई नेता नाखुश हैं। धार में कांग्रेस के जिला प्रवक्ता दीपेंद्र सिंह ठाकुर ने तो कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से ही इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने जिला अध्यक्ष को एक लेटर भी लिखा है, जिसमें निर्णय से खुद को आहत बताया है। ठाकुर ने पत्र में लिखा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का निमंत्रण अस्वीकार्य कर दिया गया, जो निर्णय मन को आघात पहुंचाने वाला और पीड़ादायक था।



लोकसभा चुनाव पर बीजेपी का महामंथन

## सीहोर के रिसॉर्ट में जुटे मुख्यमंत्री समेत दिग्गज नेता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**सीहोर। मध्यप्रदेश में बीजेपी ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। इसी के तहत गुरुवार को सीहोर के एक रिसॉर्ट में सत्ता और संगठन का महामंथन हुआ। बैठक में भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी कैबिनेट के प्रमुख सदस्य, सांसद और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।**

बैठक में शामिल होने पहुंचे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा- हम प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटें जीतेंगे, उसी को लेकर आज बैठक है। बीजेपी की लोकसभा योजना बैठक में नेताओं को लोकसभावार चुनाव की जवाबदारी देने, 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह, इस दिन होने वाले आयोजन और इस मुद्दे को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर भी चर्चा हुई।

**बैठक में ये दिग्गज नेता हुए शामिल-** भाजपा की मध्यप्रदेश की लोकसभा योजना बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ. सत्यनारायण जटिया मंच पर बैठे थे। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटीक, फग्गन सिंह कुलस्ते, महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया, दोनों उप मुख्यमंत्री, प्रदेश शासन के वरिष्ठ मंत्री, पूर्व मंत्री, पार्टी पदाधिकारी, मोर्चों के अध्यक्ष और अपेक्षित श्रेणी के नेतागण मौजूद रहे।

### हर लोकसभा से 10 हजार लोग लाने का लक्ष्य

भाजपा 26 जनवरी से 25 मार्च के दौरान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन के लिए हर लोकसभा क्षेत्र से 10 हजार लोगों को अयोध्या भेजेगी।

# पहले लाश को दफनाया, फिर 4 साल बाद जलाया

### आत्माराम मर्डर केस के आरोपी एसआई की करतूत; पुलिस का दावा- मिले सबूत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना\भोपाल। गुना जिले के आत्माराम पारदी हत्याकांड की जांच कर रही सीआईडी ने एक बड़ा खुलासा किया है। आरोपी एसआई रामवीर सिंह जिस गाड़ी में आत्माराम को अपने साथ ले गया था। उसमें पुलिस को खून के धब्बे मिले थे। पुलिस ने इस गाड़ी के फर्जी रजिस्ट्रेशन करने के आरोप में आरोपी एसआई और तत्कालीन आरटीओ और एक बाबू के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई है।**

आठ साल पुराने इस हत्याकांड में पुलिस आत्माराम की लाश बरामद नहीं कर सकी। पुलिस का दावा है कि आरोपी और बर्खास्त एसआई रामवीर ने आत्माराम की लाश को ठिकाने लगा दिया है। लाश को ठिकाने लगाने की जो कहानी पता चली वो दृश्यम फिल्म की कहानी की तरह है। रामवीर ने अपने पुलिसिया दिमाग का इस्तेमाल करते हुए लाश का आज तक सुराग लगने नहीं दिया।

### कार जिसके नाम पर रजिस्टर्ड वो अस्तित्व में नहीं : पुलिस

घायल आत्माराम को रामवीर सिंह अपनी कार एमपी 08 सीए 0022 में लेकर गया था। पुलिस ने इसे उसके घर के बाहर से जब्त किया। जब इस कार के मालिक की तलाश की तो पता चला कि कार पुलिस लाइन गुना में रहने वाले संजय सिंह पुत्र बहादुर सिंह कुशवाह के नाम से रजिस्टर्ड है। सीआईडी जब इस पते पर पहुंची तो ऐसा कोई शख्स नहीं मिला।

गुना एसपी ने भी बताया कि ऐसा कोई पुलिसकर्मी कभी पदस्थ नहीं रहा। इस पते पर उस समय एसआई दिलीप सिंह कुशवाह रहते थे। जब वे यहां रहते थे तब उनका भाई संजय भी साथ रहता था। दिलीप कुशवाह ने बताया कि उनके पिता का नाम लाल बहादुर सिंह कुशवाह है ना कि बहादुर सिंह कुशवाह।

ये कार इंदौर की एजेंसी से खरीदी गई थी। कार खरीदते समय मोबाइल नंबर 8819974000 दर्ज कराया गया था। ये मोबाइल एसआई रामवीर सिंह के भांजे हेमंत सिंह सोलंकी का था। हेमंत एटीएस भोपाल में आरक्षक है। सीआईडी ने हेमंत से पूछताछ की तो उसने बताया कि 2013-14 में पुलिस भर्ती की तैयारी के समय मामा रामवीर कुशवाह के कहने पर 11 लाख रुपए नकद देकर ये कार संजय सिंह पुत्र बहादुर सिंह कुशवाह के नाम से खरीदी थी। मोबाइल उसने खुद का लिखवा दिया था।

New Delhi

# 'गर्भगृह में मैं अकेला नहीं जाऊंगा...', राम मंदिर के संदेश में मां को याद कर भावुक हुए प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर विशेष संदेश जारी किया। इस संदेश में पीएम मोदी ने अपनी मां को भी याद किया। मां का जिक्र कर पीएम मोदी भावुक हो गए। साथ ही पीएम मोदी ने ये भी बताया कि वह राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आज से 11 दिन का विशेष अनुष्ठान शुरू करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बताया कि वह अपने अनुष्ठान का आरंभ नासिक धाम पंचवटी से कर रहे हैं।




ऑडियो संदेश के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज स्वामी विवेकानंद की जयंती है, जिन्होंने हजारों वर्षों से आक्रांतित भारत की आत्मा को झकझोरा था। आज वह आत्मविश्वास भव्य राम मंदिर के रूप में हमारी पहचान बनकर सबके सामने है। सोने पर सुहागा ये है कि आज माता जीजाबाई जी की जन्म जयंती है, जिन्होंने छत्रपति शिवाजी के रूप में एक महामानव को जन्म दिया। पीएम मोदी ने कि 'जब जीजाबाई का जिक्र कर रहा हूं तो सहज ही मुझे अपनी मां की भी याद आना स्वभाविक है। मेरी मां जीवन के अंत तक माला जपते हुए सीता-राम का ही नाम भजा करती थीं।' प्रधानमंत्री ने कहा 'प्राण प्रतिष्ठा की घड़ी, चराचर सृष्टि का वो चैतन्य पल... आध्यात्मिक अनुभूति का वो अवसर है...गर्भगृह में उस पल क्या नहीं होगा। शरीर के रूप में, तो मैं उस पवित्र पल का साक्षी बनूंगा ही, लेकिन मेरे मन में, मेरे हृदय के हर स्पंदन में 140 करोड़ भारतीय मेरे साथ होंगे। हर रामभक्त मेरे साथ होगा और वो चैतन्य पल हम सबकी सांझी अनुभूति होगी।

Uttarakhand

# पुलिस की वर्दी में रील्स बनाई तो नपेंगे

## ऑन ड्यूटी सोशल मीडिया अकाउंट के इस्तेमाल पर पाबंदी; जारी की गई पॉलिसी

**देहरादून, (एजेंसी)** अब कोई भी पुलिसकर्मी ड्यूटी के दौरान सोशल मीडिया का व्यक्तिगत प्रयोग नहीं कर पाएगा। पुलिस मुख्यालय ने पहली बार सोशल मीडिया पॉलिसी जारी करते हुए कई प्रतिबंध लगा दिए हैं। ऐसा करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। आईजी-पुलिस आधुनिकीकरण डॉ. नीलेश आनंद भरणे ने बताया कि पुलिस अनुशासित फोर्स है और उसके लिए तमाम तरह की कर्मचारी आचरण नियमावलियां हैं। लेकिन, यह देखने में आ रहा है कि सोशल मीडिया पर पुलिसकर्मियों की ओर से वर्दी में ऐसे वीडियो या रील्स डाले जा रहे हैं, जिससे पुलिस की छवि धूमिल हो रही है। इसलिए, इसे अब पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। पुलिसकर्मी अपने कार्यालय या कार्यस्थल पर भी कोई रील या वीडियो बनाकर व्यक्तिगत सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर नहीं चला सकेंगे। पुलिस की टैक्टिस, फील्ड क्रॉफ्ट, विवेचना या अपराध की जांच में प्रयुक्त होने वाली तकनीक की जानकारी भी साझा नहीं करेंगे। किसी भी गुप्त ऑपरेशन या अभिसूचना संकलन की भी जानकारी अपलोड नहीं कर सकेंगे। आईजी नीलेश भरणे ने बताया कि नई पॉलिसी के अनुसार, कोई भी पुलिसकर्मी सरकारी या व्यक्तिगत सोशल मीडिया प्लेटफार्म से किसी भी तरह की आय अर्जित नहीं कर सकेगा। अगर वह व्यावसायिक तौर पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है तो उसके लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी।

Bihar

# अस्पताल में महिला की लाश से भी चोरी हो गए गहने

**बेतिया, (एजेंसी)** बेतिया जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। एक मृतक महिला के परिजनों ने पोस्टमार्टम के दौरान महिला के शव से गहने चुराने का आरोप लगाया है। इस मामले में मृतका के पिता ने जीएमसी के प्रिंसिपल डॉ. दिनेश कुमार से शिकायत की है। और जांच की मांग की है। दरअसल बैरिया के तिलंगही के चंद्रशेखर चौधरी की पत्नी रीना देवी की हत्या कर दी गई थी। पिता ने ससुराल वालों पर हत्या व शव गायब करने का आरोप लगाया था। दरअसल शव बरामदगी के बाद बैरिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर परिजन घर पहुंचे तो देखा कि महिला के कान से सोने का टॉप, नाक से सोने की कील व पैर का बिछिया आदि गहने गायब है। तब उन्होंने प्रिंसिपल से इसकी शिकायत की। जिसके बाद परिजनों ने फिर से गहने के लिए शिकायत की तब जाकर मामले का खुलासा हुआ। प्रिंसिपल ने भी शव से गहने की चोरी के मामले को गंभीर माना है। मामला यह है कि मझौलिया के यदुनंदन सहनी ने पुत्री की शादी बैरिया के तिलंगही के चन्द्रशेखर चौधरी से 2007 में की थी।

Paschim bangal

# पश्चिम बंगाल में फिर एक्शन में ED, ममता सरकार के दो मंत्रियों के घर पर सुबह-सुबह छापेमारी

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में ईडी की टीम पर हुए हमले के बाद जांच एजेंसी एक बार फिर एक्शन मोड में आ गई है. प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम ने आज सुबह-सुबह ही पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के दो मंत्रियों के घर पर धावा बोल दिया है. दोनों के घर पर छापेमारी चल रही है. यह रेड नगर निगम नौकरी घोटाले से जुड़ी हुई है.

ईडी की एक टीम अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस के दो ठिकानों पर पहुंची है तो वहीं दूसरी टीम मंत्री तापस रॉय के ठिकाने पर रेड डाल रही है. इतना ही नहीं इसके अलावा ईडी उत्तरी दमदम नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और टीएमसी नेता सुबोध चक्रवर्ती के आवास पर भी छापेमारी कर रही है. बता दें कि ईडी की टीम बीते दिनों राशन घोटाला मामले में पश्चिम बंगाल के संदेशखली में टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर छापेमारी करने पहुंची थी. इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ ने टीम पर हमला कर दिया था. भीड़ ने ईडी अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ जवानों की गाड़ी को भी निशाना बनाया था. इस हमले में तीन ईडी अधिकारियों को गंभीर चोटें आई थीं.

ईडी अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल में हुए हमले के बाद जांच एजेंसी के कार्यवाहक निदेशक राहुल नवीन कोलकाता पहुंचे थे. उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी. बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि डरिए मत, निडर होकर जांच कीजिए.

खेल

# भारत ने 6 विकेट से जीता पहला टी-20

## यह अफगानिस्तान पर 5वीं जीत, शिवम दुबे की फिफ्टी, मुकेश-अक्षर को 2-2 विकेट

**मोहाली।** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने अफगान के खिलाफ अपना अजेय रिकॉर्ड जारी रखा है। यह भारत की अफगानिस्तान पर टी-20 में 5वीं जीत है। इस जीत से भारतीय टीम 3 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 14 जनवरी को इंदौर में खेला जाएगा। मोहली में गुरुवार को टीम इंडिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 158 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 17.3 ओवर में 4 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। शिवम दुबे ने नाबाद 60 रन बनाए, जबकि जितेश शर्मा ने 31 रन की पारी खेली। ओपनर शुभमन गिल ने 23 और तिलक वर्मा ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में मुकेश कुमार और अक्षर पटेल ने दो-दो विकेट लिए।




सिनेमा

# प्रकाश राज ने राम बनकर अयोध्या जा रहे लोगों पर किया कमेंट, ट्रोल्स बोले- हिंदुओं से नफरत करना...



तमिल एक्टर प्रकाश राज अपने बयानों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। अब उनके लेटेस्ट ट्वीट ने लोगों का ध्यान खींचा है। प्रकाश ने अहमदाबाद से अयोध्या जा रही पहली फ्लाइट के पैसेंजर को देखकर हैरानी जताई है। उन्होंने कमेंट किया जिसके बाद लोग उनको ट्रोल करके ऐंटी-हिंदू बोल रहे हैं। दरअसल लोग जर्नी के लिए राम, लक्ष्मण की तरह तैयार होकर आए थे। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह की देशभर में तैयारी चल रही है। अब अहमदाबाद से अयोध्या के लिए पहली फ्लाइट रवाना हुई तो पैसेंजर्स में काफी उत्साह दिखा। एयरपोर्ट में लोग राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के गेटअप में पहुंचे तो हर कोई हैरान था। वहां जय श्रीराम के नारे भी लगाए गए। वहां के वीडियो को ट्वीट करके प्रकाश राज ने लिखा है, हम जा कहां रहे हैं...#JustAsking प्रकाश राज के इस सवाल पर कई तरह के कमेंट्स हैं। एक ने लिखा है, गुफाओं की तरफ वापसी। एक ने लिखा है, ऐंटी-हिंदुइज्म के अंत की तरफ। एक कमेंट है, हमारे बारे में भू जाओ, 2024 में मोदी के आने के बाद तुम कहां जाओगे। एक कमेंट है, बीते साल लोगों ने सैंटा क्लॉज के कपड़े पहनकर क्रिसमस मनाया था। एयरपोर्ट, मॉल, स्कूल हर जगह सजावट थी। उस समय तुमको दिक्कत नहीं थी। अब लोग श्रीराम का कॉस्ट्यूम पहने हैं तो अचानक तुम लोगों को लगने लगा कि हम कहां जा रहे हैं...दोगलापन।

# संपादकीय

## प्रयास के मिले बेहतर नतीजे

पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरों के मद्देनजर भी साफ-सफाई, कचरे के निस्तारण, पुनर्चक्रण आदि में व्यावहारिक उपाय आजमाने पर जोर दिया जाता रहा है। अब तो मशीनों के इस्तेमाल ने इस काम को काफी आसान बना दिया है, मगर फिर भी अनेक नगरपालिकाएं इसे लेकर शिथिल ही नजर आती हैं। सफाई में राज्यों में महाराष्ट्र को पहला स्थान मिला है और गंगा किनारे के शहरों में वाराणसी को। सफाईमित्र सुरक्षा के लिहाज से चंडीगढ़ ने पहले स्थान पर जगह बनाई है। गौर करें तो स्वच्छता सर्वेक्षण की तालिका में वही राज्य और शहर इस बार भी परस्पर प्रतिस्पर्धा करते हुए आगे निकलने की कोशिश करते देखे गए, जो कई वर्ष से होड़ में रहे हैं। बाकी राज्यों और शहरों से बहुत उत्साहजनक तस्वीर नहीं आई है। स्वच्छता सर्वेक्षण शहरों की नगरपालिकाओं और नागरिकों में साफ-सफाई के प्रति प्रतिस्पर्धात्मक जागरूकता पैदा करने के मकसद से शुरू किया गया था। इसके आकलन के लिए कुछ पैमाने बनाए गए हैं। मसलन, घर-घर जाकर कूड़ा इक_ा करना, अगलनीय कचरे को अलग रखना, कचरे का पुनर्चक्रण आदि। इस प्रयास के बेहतर नतीजे भी देखने को मिले हैं। सब जानते हैं कि स्वच्छता से जीवाणुओं और विषाणुओं के जरिए फैलने वाली अनेक बीमारियों पर लगाम लगाई जा सकती है। मच्छर और मक्खियों से फैलने वाली बीमारियों पर काबू पाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। हर वर्ष बरसात के समय बड़ी संख्या में लोग इन बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। उनमें से बहुत सारे बच्चे असमय काल कवलित हो जाते हैं। इसके बावजूद गंदगी दूर करने को लेकर लोगों में अपेक्षित नागरिक बोध नहीं पैदा हो पाता। देश के बहुत सारे शहरों की नगरपालिकाएं कचरे का उचित निस्तारण नहीं कर पातीं। इसका नतीजा यह देखने को मिलता है कि जगह-जगह कचरे का ढेर जमा रहता है। जहां कचरा उठाया भी जाता है, वहां उसका उचित पुनर्चक्रण नहीं हो पाता। दिल्ली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां कचरे के पहाड़ खड़े हैं और उन इलाकों में रहने वाले, उन इलाकों से होकर गुजरने वाले हर समय जोखिम में रहते हैं। इन कचरे के पहाड़ों को खत्म करने को लेकर राजनीति भी चलती रहती है। यही स्थिति सफाई कर्मियों की सुरक्षा को लेकर है।

### अर्ज़ किया है..!

*हज़ार बार जो माँगा करो*
*तो क्या हासिल*
*दुआ वही है जो*
*दिल से कभी निकलती है*

*- दाग़ देहलवी*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**सो जाऊ के तेरी याद में खो जाऊ... ये फैसला भी नहीं होता और सुबह हो जाती है....**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## महिला जगत

# भारत की सबसे लंबी बास्केटबॉल खिलाड़ी

# पूनम चतुर्वेदी



**जो खेल केवल पुरुषों तक सीमित हुआ करते हैं, उनमें अब महिलाओं की सहभागिता बढ़ी है। महिला खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में दमदार प्रदर्शन कर रही हैं। फीफा विमेन वर्ल्ड कप शुरू होने जा रहा है, जहां महिला खिलाड़ी अपना प्रदर्शन दिखाएंगी। भारत की कई महिला खिलाड़ियों में से एक नाम पूनम चतुर्वेदी का है। पूनम चतुर्वेदी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं। हालांकि इसके अलावा उनकी प्रसिद्धि की एक वजह पूनम की लंबाई है। आइए जानते हैं बास्केटबॉल खिलाड़ी पूनम चतुर्वेदी के बारे में।**

### पूनम चतुर्वेदी का जीवन परिचय

पूनम चतुर्वेदी कानपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने साल 2011 से बास्केटबॉल में करियर की शुरुआत की। उन्होंने भिलाई स्थित स्पोर्ट्स हॉस्टल में ट्रेनिंग ली है।

### पूनम का खेल में करियर

साल 2010 में पूनम छत्तीसगढ़ में यूथ नेशनल में शामिल हुईं थीं, उस दौरान ट्रेनर ने उनकी हाइट पर ध्यान दिया और पूनम के पिता से बात करके 2011 में छत्तीसगढ़ की टीम का हिस्सा बनने में सहयोग किया। पूनम चतुर्वेदी की लंबाई 7 फूट है।

### पूनम को ब्रेन ट्यूमर

वर्ष 2013 में उन्हें पता चला कि पूनम को ब्रेन ट्यूमर है। हालांकि पूनम ऑपरेशन नहीं कराना चाहती हैं। बीमारी के कारण उनकी लंबाई आसामान्य है। हालांकि पूनम आयुर्वेदिक दवाइयों की मदद से इलाज कर रही हैं।

### पूनम चतुर्वेदी करती हैं सरकारी नौकरी

बास्केटबॉल खिलाड़ी होने के साथ ही पूनम चतुर्वेदी हावड़ा में एक वरिष्ठ क्लर्क के पद पर तैनात हैं। वह नौकरी के साथ ही खेल को भी पूरा समय देती हैं। अक्सर लंबाई के लिए मजाक उड़ाए जाने के बाद भी उनका मनोबल कम नहीं हुआ।

## Highlights

1. **Delhi records coldest morning this winter as temp dips to 3.9°C**
2. **Mumbai actress files case after nude photos go viral**
3. **Man sentenced 10-year in jail for sexual assault on minor**
4. **DRI nab Thai woman with drugs worth ₹40 Cr at Mumbai airport**
5. **Mumbai Trans Harbour Link Road to Open Shortly**
6. **Kerala Horror: Father and 2 Children Found Dead in Home**

# Jobs of these Instagram employees to 'disappear', can apply for another role: Report

**NEW DELHI, (Agency).** Meta-owned Instagram has informed at least 60 employees that their jobs are 'disappearing,' though they are allowed to apply and interview for separate, specific role, Business Insider has reported.

The development comes at a time when layoffs have taken place at both Google and Amazon.

What's happening at Instagram?

The report states that the impacted workers are all technical program managers (TPMs) across the organisation, and the change was announced this week. The TPMs, however, can apply and re-interview to become a product manager, with the condition being that if not selected for the new role, their employment will be terminated in March.



While a Meta spokesperson declined to comment when contacted by the website, an ex-Instagram staffer posted on LinkedIn: "I've heard from friends about changes to IG TPM roles and expected transition to re-interview for PM roles. I know this is very stressful, but I can help – please feel free to reach out to me for resources and/or interview preparation for help.'

Who are 'TPMs'?

Within tech companies, they are positioned between technical workers like engineers and PMs (product managers). The 'disappearance' of their jobs in this case, the publication noted, is in line with what is referred to as 'the flattening' at the Mark Zuckerberg-led Meta, which was renamed in October 2021 from Facebook Inc.

Last year, there were thousands of layoffs at Meta, and during a meeting later in the year, CEO Zuckerberg did not deny more people could be laid off in the future.

# 'Can't afford a crypto mania': RBI governor on cryptocurrencies

**NEW DELHI, (Agency)**. The US may have green-lighted exchange-traded funds (ETFs) in bitcoin, but for India's apex banking regulator, cryptocurrencies remain a strict no-no.

"The way we look at crypto remains unchanged, irrespective of who does what," Reserve Bank of India (RBI) governor Shaktikanta Das stated at the 16th Mint



Annual BFSI Summit and Awards in Mumbai on Thursday. "Just because somebody is doing something, we are not here to emulate them."

The US Securities and Exchange Commission (SEC) on Wednesday approved the first US-listed ETFs to track bitcoin, marking a milestone for the world's largest cryptocurrency and the broader crypto industry. The SEC approved 11 applications, including from BlackRock, Fidelity and Invesco. At the same time, the SEC said it does not endorse or approve bitcoin.

"RBI's position on cryptocurrency remains unchanged. Travelling down that path will create huge risks. I don't think the world or emerging markets (EMs) can take a crypto mania like the tulip mania," Das said, referring to the 17th century boom and bust in Dutch tulip prices, regarded as one of the most infamous asset bubbles in history.




## भैंसे चोरी कर बूचड़खाने में कटवाता था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। सिमरोल थाना क्षेत्र में भैसे चोरी होने का मामला कई दिनों से चल रहा था।सिमरोल थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने बताया कि महू टाल मोहल्ला निवासी नाजिम पिता मो.नासिर अपने अन्य साथियों के साथ भैसे चोरी करवाकर बूचडख़ाने में कटवाता था।फरियादियों की शिकायत के बाद एक टीम गठित की गई और आरोपियों गिरफ्तारी की गई।आरोपियों को आज न्यायालय पेश कर रिमांड मांगा जायेगा।थाना प्रभारी ने ये भी बताया अलग अलग स्थान से कुल 17 भैसे चोरी हुई थी जिसमे से 5 भैसे जप्त कर फरियादियों को सौप दी गई है।

# बाथरूम में गिरा फिर उठा ही नहीं, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विजय नगर में रहने वाले एक व्यक्ति की बाथरूम में गिरने के चलते मौत हो गई। एम्बुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। परिवार ने डॉक्टरों को बताया कि उन्हें पहले दो बार अटैक आ चुका है। डॉक्टरों ने सिर में चोट होने के चलते शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।**

विजय नगर पुलिस के मुताबिक ब्रजेश (46) पुत्र गया प्रसाद ठाकुर निवासी बड़ी भमोरी गुरुवार को परिवार के लोग एमवाय लेकर पहुंचे। यहां उपचार के कुछ देर बाद ब्रजेश को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि ब्रजेश बाथरूम में गए और वही गिर गए। ब्रजेश की भाभी को आवाज आई तो उन्होंने आसपास के लोगो को मदद के लिये बुलाया।

### दो बार पहले भी आ चुका है अटैक

परिवार के लोगो के मुताबिक ब्रजेश मूल रूप से बीना के रहने वाले है। ब्रजेश की अब तक शादी नही हुई थी। वह पेशे से वैल्डिंग का काम करते थे। परिवार के लोगो के मुताबिक उन्हें दो बार पहले भी अटैक आ चुका था। गुरुवार को भी बाथरूम में संभवत अटैक ही आया है। लेकिन गिरने से उनके सिर में चोट आने के चलते डॉक्टरों ने पोस्टमॉर्टम के लिये शव को भेजा है।

### ड्राइवर की भी संदिग्ध मौत

ड्राइवर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया शव को एमवाय भेजा गया है। ड्राइवर का नाम वीर सिंह पुत्र टुंडराम जाटव बताया जा रहा है। गुरवार शाम परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। पुलिस के मुताबिक उन्हें अस्पताल से जानकारी लगी है। मामला संदिग्ध है अभी परिवार के बयान नही हुए है।

## संक्रांति - चाइना डोर बेचने वालो पर निगाहबानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संक्रांति पर्व नजदीक आते ही अब पुलिस प्रशासन चाक चौबंद नजर आ रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने बताया कि 14 ओर 15 जनवरी को सक्रांति पर्व को लेकर शहर में पतंग बाजी का शोर रहता है पतंग को उड़ाने के लिए पतंग बाज बाजार में चाइना डोर की तलाश कर रहे है।जिसको लेकर इंदौर कलेक्टर ने भी आदेश निकाल रखे है यदि कोई दुकानदार चाइना की डोर बेचता हुआ पकड़ा गया तो उस पर सख्त कारवाई की जाएगी पुलिस टीम लगातार पंतग की दुकानों पर चाइना डोर सर्चिंग कर रही है इसके साथ ही सक्रांति पर्व पर बगेर अनुमति के छतों पर डीजे बजाए गए तो वो जप्त होंगे।

## पुलिस ने पकड़ी मोटर चोर गैंग, 6 आरोपियों को गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बडग़ोंदा थाना क्षेत्र में कई दिनों से मोटर चोरी होने की शिकायत पुलिस थाने में आ रही थी जिसको लेकर थाना प्रभारी कैलाश सोलंकी ने टीम गठित करी थी बुधवार शाम मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आड़ा पहाड़ और मांगलिया से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है थाना प्रभारी सोलंकी ने बताया की विगत कई दिनों से मोटर चोरी होने की शिकायत प्राप्त हो रही थी जिसको लेकर थाने में फरियादियों के आवेदन भी आए थे पुलिस ने मोटर चोर गेंग को पकड़ लिया है जिनसे छह मोटर जप्त हुई है।

## लिफ्ट ली और रुपए निकालकर भाग निकला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। संयोगितागंज में लिफ्ट के बहाने एक बदमाश ने कोरियर कर्मचारी के बैक से 60 हजार रुपए निकाल लिये। जब कर्मचारी ने बाद में बैग चेक किया तो उसमें रुपए नही मिले। पुलिस ने इसके बाद केस दर्ज किया है।**

पुलिस के मुताबिक हंसराज सिद्व निवासी मल्हार पल्टन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। हंसराज ने बताया कि वह ऑफिस के काम से निकला। इस दौरान जगन्नाथ धर्मशाला के नजदीक उसे एक लडक़ा मिला। उसने कुछ दूरी पर छोडऩे की बात कही। उसे मोपेड पर बैठाकर आगे की तरफ ले गया तो उसने मोपेड रोकने के लिये कहा। जब हंसराज ने मोपेड रोकी तो युवक उतर गया। हंसराज वापस ऑफिस पहुंचा तो उसके बैग में 60 हजार रुपए नही मिले। इसके बाद वह थाने आया। पुलिस ने मामले में आसपास के फुटेज चेक किये। जिसमें हंसराज के पीछे बैठा युवक दिखाई दे रहा है। हंसराज ने बताया कि वह घर से रुपए लेकर निकला, मुराई मोहल्ला पर होकर उसे तिलक नगर में साड़ी वाले को पेंमेट करना था। लेकिन रास्ते में उसके साथ वारदात हो गई। उसने ऑफिस में रुपए चेक किये तो बैग में नही थे। फिर मालिक को पूरी जानकारी दी। वह हंसराज को अपने साथ थाने लेकर आए।

## नगर निगम के वाहन ने मारी टक्कर, मिस्त्री की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के राउ में रहने वाले एक मिस्त्री की सडक़ हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक जगदीश (50) पुत्र अंबाराम ओसारी घर से बाइक लेकर काम पर निकले थे इस दौरान हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। राउ पुलिस के मुताबिक राउ इलाके के हाउसिंग बोर्ड के आफिस के पास नगर निगम की गाड़ी ने टक्कर मार दी। जगदीश बाइक से दूर जा गिरे। गंभीर हालत में घायल होने के चलते उन्हें उपचार के लिये एमवाय भेजा गया। यहां उन्होंने दम तोड़ दिया। राउ इलाके के लोगो ने जगदीश की पहचान कर उसके परिवार को सूचित किया। बेटे के मुताबिक वह छह भाई है। पिता मकान निर्माण के काम से जुड़ें हुए थे।

## चोरी हुई मोटरसाइकिल ट्रेस दो आरोपी गिरफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू में विगत एक माह में बाइक चोरो ने आधा दर्जन से अधिक वाहनों को अपना निशाना बनाया था।जिसको लेकर थाना प्रभारी संजय द्विवेदी ने एक टीम बनाई थी पुलिस द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरे के आधार पर ओर मुखबिर की सूचना पर दो मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है थाना प्रभारी ने बताया कुछ दिन पहले रेड क्रॉस अस्पताल से एक मोटरसाइकिल चोरी हुई थी जिसमे दो चोरो की गिरफ्तारी हुई है गिरफ्तार हुए चोर राकेश ओर सागर ने बताया मोटरसाइकिल उन्ही ने चोरी की है फिलहाल पुलिस चोरो से सख्ती से पूछताछ कर रही है कि ओर कहा कहा गाडिय़ा चुराई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक